JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

## इंडस्ट्री के युगपुरुष
श्री गोपाल दास सौंखिया

## रफ से रत्न के निर्माण की कहानी

## सिल्वर बाजार के नए ट्रेंड्स
गौरव जैन
वैलेंटाइन सिल्वर इंटरनेशनल



## साक्षात्कार
जॉनी बज़ालेल
सी.आई. बोगोटा

## महानगरीय मुलाकात
मेघाली गुप्ता के साथ

## उपचारित टर्क्वॉइज़
उपचार, पहचान और प्रकटीकरण

# C.I. Bogotá Emerald Mart S.A.S.

Miner and Exporter of Colombian Emeralds.
All qualities, cut and rough.
Av. Jiménez No. 5-43 Of. 801 Bogotá - Colombia
Tels: (571) 342 0966 - 342 0015 - 342 2860
www.bem.com.co - bem@bem.com.co - benny@bem.com.co




www.bem.com.co

2021 -5781

ICA MEMBER

**Benny Bazalel**
**+57 310 219 5000**

**Jonny Bazalel**
**+57 313 294 0430**

Shareholder of:
Empavas Mine in Muzo/Quipama
Calceteros and Buenos Aires Mine in Coscuez



JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

जनवरी–फ़रवरी 2022 | Volume XXXX No. 2

Regd. with R.N.I. No. 26126/74

GEM WORLD
JAS
GEM BOURSE
JANOPYOGI BHAWAN
DHARAM KANTA
JEA
JAGS

## वि ष य - सू ची



21



27



30



45

**जीजेईपीसी** 16
आईआईजेएस
सिग्नेचर 2022 का भव्य आयोजन

**जीजेएससीआई** 17
नेशनल कॉम्पिटिशन

**इंडस्ट्री के युगपुरुष** 18
श्री गोपाल दास जी सौंखिया

**बाजार के नए ट्रेंड्स** 20
गौरव जैन
वैलेंटाइन सिल्वर इंटरनेशनल

**महानगरीय मुलाकात** 23
मेघाली गुप्ता के साथ



40

**साक्षात्कार:** 25
जॉनी बज़ालेल
सी.आई. बोगोटा

**ऑक्शन्स एंड एग्जिबिशंस** | फ्यूरा बैंकॉक 27

**रफ से रत्न के निर्माण की कहानी** 28

**उपचारित टर्क्वोइज़-2** 32
गगन चौधरी



**ट्रेंडी अफेयर्स** 36
ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स

**डिज़ाइन स्पीक** 45
पर्ल अकादमी




कवर क्रेडिट:
संस्कृति ज्वैल्स, मुंबई

**प्रकाशन**
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
फे : +91 141 2560125
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

**संपादक और डिजाइन**
Splashierz Design
+91 77427 25334

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
टे: +91 141 4034112-13 मो: +91 87696 64864 | +91 99502 11331
ई: gemworld@jajaipur.com

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।

JEWELLERS
ASSOCIATION
JAIPUR

**जैम वर्ल्ड**
2021-2022

# सलाहकार मंडल



**राम शरण गुप्ता**
अध्यक्ष



**अशोक माहेश्वरी**
मानद सचिव



**नीरज लुणावत**
संयोजक जैम वर्ल्ड



**आलोक सौंखिया**
उपाध्यक्ष



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**महेश खण्ड़ेलवाल**
सदस्य



**नरेश अगरोया**
सदस्य



**सुधीर कुमार ठोलिया**
सदस्य

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# कार्यकारी समिति
## 2021-2022



राम शरण गुप्ता
अध्यक्ष



आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष



अशोक माहेश्वरी
मानद् सचिव



नीरज लुणावत
संयुक्त सचिव



राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
कोषाध्यक्ष



अभिषेक सांड
सदस्य



अजय गोधा
सदस्य



डी.पी. खण्ड़ेलवाल
सदस्य



गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
सदस्य



महेश खण्ड़ेलवाल
सदस्य



मुकेश विजय
सदस्य



नरेश अगरोया
सदस्य




निर्मल कुमार बरड़िया
सदस्य



राजेश जैन
सदस्य



राजेश धामाणी
सदस्य



संजय काला
सदस्य



सुनील बटवाड़ा
सदस्य



विजय केड़िया
सदस्य

# उप-समितियां 2021-2022

**अध्यक्ष श्री रामशरण गुप्ता एवं मानद् मंत्री श्री अशोक माहेश्वरी सभी उप-समितियों में पदेन सदस्य होंगे।**

**समाज सेवा**
**संयोजक**
आलोक सौंखिया
**सदस्य**
गौरव जैन
महेश खण्ड़ेलवाल
नीरज लुणावत
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राजेश धामाणी
अदित बरड़िया

**B.2.B शो JAGS**
**संयोजक**
मुकेश विजय
**सदस्य**
शैलेष कुमार मेहता
अभिषेक सांड
अब्दुल शकूर लाली
अमित विजय
अरूण मोदी
आशीष बंग माहेश्वरी
घनश्याम बिलसोरा
आशीष सिंघवी
संजीव गुप्ता

**धर्मकांटा एवं फोटोग्राफी**
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी
**सदस्य**
अभिषेक मालपानी
गौरव फोफलिया
नरेश अगरोया
रितिक माहेश्वरी

**जनोपयोगी भवन**
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
अरविन्द गुप्ता
बाल किशन गुप्ता
महेन्द्र जैन (जापानवाला)
नीलकण्ठ भंडारी
राम नारायण नांगलिया
सतीश अग्रवाल
सुनील नाहर
सुरेन्द्र सुराणा
उमेश सोनी

**शोध, विकास एवं मैन्यूफेक्चरिंग**
**संयोजक**
राजेश धामाणी
**सदस्य**
अजय बक्षी
अजय गोधा
अजय खण्ड़ेलवाल
अमित कोटावाला
घनश्याम साहू
जीतू पटेल
महावीर ड़ागा
महेश फतेहपुरिया
मनोज अग्रवाल
पारस ठोलिया
प्रकाश बैद
राजेश सेठ
राकेश कोचर
संदीप कटारिया
शांति शाह
श्रीयांश धांधिया
विवेक दाधीच

**ज्वैलर्स असोसिएशन शो JAS**
**संयोजक**
राजेश धामाणी
**सह-संयोजक**
कृष्ण कुमार अग्रवाल
नरेश अगरोया
**सदस्य**
अभिषेक रानीवाला
अभिषेक सांड
अजय गोधा
आलोक सौंखिया
अनिल ताम्बी
अरूण कोठारी
अरूण कुमार गोखरू
अरविन्द गुप्ता
बजरंग बाहेती
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
गौरव जैन
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
महेन्द्र लुहाड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मुकेश विजय
नीरज लुणावत
निर्मल कुमार बरड़िया
नितिन गिलारा
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश जैन
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील गुप्ता
सुरेश ढड्ढा
विजय केड़िया
यशेष ताम्बी

# उप-समितियां 2021-2022

**अध्यक्ष श्री रामशरण गुप्ता एवं मानद् मंत्री श्री अशोक माहेश्वरी सभी उप-समितियों में पदेन सदस्य होंगे।**

**यंग एंट्रेप्रेन्योर व डिजिटाइजेशन**
**संयोजक**
अभिषेक सांड
सदस्य
आलोक सौंखिया
नीरज लुणावत
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
शिरीष अग्रवाल
विनीष अग्रवाल

जेम **वर्ल्ड सलाहकार मंडल**
**संयोजक**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
महेश खण्ड़ेलवाल
नरेश अगरोया
सुधीर ठोलिया

**कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
अरूण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राजेश धामाणी
विजय केड़िया
सुनील शर्मा

**पंच फैसला**
**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
निर्मल कुमार बरड़िया
ओम प्रकाश डंगायच
श्याम सुन्दर खटोरिया

**ट्रेड रेग्यूलेटरी कमेटी (टी.आर.सी.)**
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अशोक सौंखिया
दिनेश कुमार खटोरिया
कमल कुमार कोठारी
विजय केड़िया

**व्यापारिक सुरक्षा**
**संयोजक**
राजेश जैन
**सदस्य**
अनिल कुमार अग्रवाल
अरविन्द गुप्ता
भरत आर. पटेल
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
सुरेश गुप्ता

**वित्त संग्रह**
**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
महेन्द्र कुमार अग्रवाल
सुनील मनिहार

**विधान संशोधन**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
अरूण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
कमल कुमार कोठारी
निर्मल कुमार बरड़िया

**रत्न दलाल**
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
राजेश धामाणी
गौरव फोफलिया
हरीश खण्ड़ेलवाल (भुखमारिया)
महेश गुप्ता
मनीष लुहाड़िया
मनोज अग्रवाल
मनोज गंगवाल
राहुल छाबड़ा
संजय माहेश्वरी
विनोद कुमार गुप्ता (AVD)

**सदस्यता प्रवेश-पत्र जाँच**
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अरविन्द गुप्ता
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
रूपेश ताम्बी
यशेष ताम्बी

**सेमीनार**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
गौरव जैन
सुधीर ठौलिया
राजेश जैन
नीरज लुणावत
राजेश धामाणी
सुनील बटवाड़ा

GEMFIELDS



Responsibly sourced Zambian emeralds and Mozambican rubies.
Championing transparency and trust in the coloured gemstone industry.

GEMFIELDS.COM

valentine

JAIPUR



VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT. LTD.
E: order@valentinejewelleryindia.com
T: +91-7412077882

VALENTINE JADAU
E: order@valentinejadau.com
T: +91-7412077880

www.valentinejaipur.com










**Corporate Office**

**RMC Gems India Ltd.**
24, Bardiya Colony, Museum Road,
Jaipur 302004 India
Tel: 91-141-2533050,2533092
Email: rmc@rmcgems.in

**RMC**

www.rmcgems.in

**SEZ Factory**

**RMC Gems India Ltd.**
G1-18 & 19, SEZ Phase 1, Sitapura Industrial Area,
Tonk Road, Jaipur 302022 India
Tel: 91-141-2770687 Fax: 91-141-2770669
Email: rmc@rmcgems.in



# LUNAWAT GEMS CORPORATION

**MANUFACTURER : EXPORTER : IMPORTER**



PEACH MORGANITE



PINK TOURMALINE



AQUAMARINE



PINK MORGANITE



TSAVORITE



AMETHYST



TANZANITE



RUBELLITE



YELLOW BERYL



IOLITE



PERIDOT



BLUE TOPAZ



WWW.JAIPURGEM.COM

2135-36,Lunawat House,Haldion Ka Rasta Johari Bazar,
Jaipur,302003(Raj.)india
TEL NO: +91-141-257-1401,+91-141-2571402
Email-contact@lgcindia.com,lunawatgem@gmail.com




Savio
Jewellery
Bringing in the vigor of creativity with skillful craftsmanship to create magic in jewellery making.
CORPORATE OFFICE: 223-224, 1st Floor, Apex Mall, Lalkothi, Jaipur-302015, INDIA, Tel: 0141-4012211
FACTORY: E-71, Jewellery Zone, Sitapura Industrial Area, Jaipur-302022, INDIA, Mob- +91-9588252619
E: saviojewellery@gmail.com, W: www.saviojewellery.com
saviojewellery
jewellerysavio

# PRECITONE CO. LTD
COLOUR STONES

www.precitone.com

202-208, Sithikorn Bldg, Room 404, 4th Floor,
Mahesak Soi -2, Bangkok-10500 (Thailand)
Tel: +668 1801 1295
Email: anu@precitone.com




JAGS
JEWELLERS ASSOCIATION
GEMSTONE SHOW
ROUGH & CUT STONE SHOW
SATURDAY 26th MARCH'22
VENUE: JANOPYOGI BHAWAN GOVIND MARG, JAIPUR
TIME: 10:00 AM TO 6:00 PM
JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR
SINCE 1927
252, Johari Bazar, Jaipur
Ph: +91 9314467174, 0141- 4034113
Email: info@jajaipur.com
www.jajaipur.com
ja.jaipur


jas
Connect to Source
THE SELECT B2B SHOW
28, 29, 30 APRIL'22
JEWELLERS' ASSOCIATION JAIPUR
JECC, SITAPURA, JAIPUR
The Select Show

IIJS INDIA INTERNATIONAL JEWELLERY SHOW
SIGNATURE 2022
18th - 21st FEBRUARY
BOMBAY EXHIBITION CENTRE - MUMBAI

# रत्नाभूषणों से गुलज़ार मुंबई

## जीजेईपीसी की ओर से आईआईजेएस सिग्नेचर 2022 का भव्य आयोजन। दुनियाभर से आए खरीदार बने शो में भागीदार।



उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री दर्शना जरदोश, जीजेईपीसी के चेयरमैन कॉलिन शॉह, केन्द्रिय कैबिनेट मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला, उपाध्यक्ष विपुल शाह, संयोजक शैलेष संगानी और सांसद गोपाल शेट्टी

आभूषणों और रत्नों की दमकती आभा का आकर्षण इस बार मुम्बई में दिखाई दिया, जहां जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कॉन्सिल की ओर से मुंबई एग्जिबिशन सेंटर में इंडिया इंटरनेशनल ज्वैलरी शो 'सिग्नेचर' 2022 के 14वें संस्करण का भव्य आयोजन किया गया। शो में दुनियाभर से खरीदारों और दर्शकों ने शिरकत की।

शो को कुल छह भागों में विभाजित किया गया।

इनमें खास तौर पर

- प्लेन गोल्ड एंड क्यूबिक जिरकोनिया स्टडेड गोल्ड ज्वैलरी
- डायमंड, जेमस्टोन और अन्य स्टडेड ज्वैलरी
- सिल्वर ज्वैलरी, आर्टफैक्ट्स और गिफ्टिंग आइटम्स
- लूज स्टोन, लैबोरेट्रीज और एजुकेशन के सेक्शन प्रमुख रहे।

करीब 45 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में आयोजित शो में इस बार बूथ की संख्या बड़ी तादात में रखी गई थी और कोविड प्रोटोकॉल के तहत भी सभी नियमों का पालन किया गया। आयोजकों की ओर से 1472 बूथ बनाए गए, जहां रत्नाभूषण व्यवसाय से जुड़े 950 से ज्यादा एग्जिबिटर्स ने विभिन्न सेक्शंस के तहत अपने शानदार उत्पादों को प्रदर्शित किया। शो को लेकर ज्वैलरी व्यवसाय से जुड़े ज्वैलर्स एवं उद्यमियों में जबरदस्त आकर्षण दिखाई दिया और देश-विदेश से आए 20 हजार से अधिक दर्शकों एवं खरीदारों ने शो में शिरकत की।

इस मौके पर जीजेईपीसी के चेयरमैन कॉलिन शॉह ने बताया कि शो के दौरान दर्शकों एवं ट्रेड कारोबारियों से मिली बेहतरीन प्रतिक्रिया को देखते हुए यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि ज्वैलरी उद्योग अब कोविड की महामारी से उभर चुका है और इसने फिर से अपनी रफ्तार पकड़ ली है।

# अब चीन के शंघाई में होगा मुकाबला

## इंडिया स्किल्स नेशनल कॉम्पिटिशन में शुभाशीष को स्वर्ण तो दिब्येंदु को रजत पदक







एनएसडीसी के मार्गदर्शन में जेम एंड ज्वैलरी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (जीजेएससीआई) की ओर से दिल्ली स्थित प्रगति मैदान पर गत 06 से 10 जनवरी 2022 तक देश के सभी कौशल क्षेत्र से संबंधित सबसे बड़ी प्रतियोगिता इंडिया स्किल्स नेशनल कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया, जिसमें रत्न एवं आभूषण भी एक मुख्य कौशल के रूप में स्पर्धा का हिस्सा रहा। इस मौके पर प्रतियोगिता के पार्टनर इंस्टीट्यूट्स में वीबीजे चेन्नई, गोल्डस्मिथ एकेडमी कोयंबटूर और लक्ष्मी डायमंड्स बैंग्लुरू का अभूतपूर्व सहयोग रहा।

प्रतियोगिता में चारों जोन उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम के विजयी कुल आठ प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए प्रतियोगिता के लिए भाग लिया था एवं जीजेएससीआई ने इस प्रतियोगिता को पूर्ण करने में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। इस दौरान कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कुल चार प्रतिभागियों का चयन किया गया। इनमें शुभाशीष को स्वर्ण पदक तो दिब्येंदु बाला को रजत पदक पद से सम्मानित किया गया। जबकि हीरेंद्र प्रजापत और सुमन पॉल को कांस्य पदक प्रदान किया गया। इस मौके पर आयोजकों ने बताया कि इन प्रतिभागियों को अब एक प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरना होगा, जिसमें तीन चरण होंगे। इसके बाद इनमें से एक सर्वेश्रेष्ठ उम्मीदवार को अक्टूबर, 2022 में चीन के शंघाई शहर में होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा, जहां उनका सामना दुनियाभर से आए प्रतिभागियों से होगा।

# ईमानदारी, लगन और समझ से मिलती है बुलंदी

**रत्न नगरी जयपुर में जवाहरात व्यवसाय की चमक को बढ़ाने में अहम योगदान देने वाले मशहूर पन्ना कारोबारी श्री गोपाल दास जी सौंखिया से खास बातचीत।**

जो तूफानों में पलते जा रहे हैं, वहीं दुनिया बदलते जा रहे हैं। इन पंक्तियों को भले ही मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी ने लिखा हो, लेकिन हकीकत में इन पंक्तियों को सादगीपूर्ण तरीके से अपने जीवन में उतारा है पन्ना व्यवसाय में ख्याति प्राप्त व्यवसायी श्री गोपाल दास जी सौंखिया ने। 75 वर्षीय श्री सौंखिया जी उन कारोबारियों में शामिल है, जिनकी पहचान सिर्फ रत्न नगरी जयपुर तक सीमित नहीं है, बल्कि देश और दुनिया में भी इन्हें सम्मानित शख्सियतों में शामिल किया जाता है। पत्थर को तराशकर उसे बेशकीमती रत्न बनाने वाले श्री सौंखिया जी ने जहां जयपुर के जवाहरात व्यवसाय को नई बुलंदियों पर पहुंचाया, वहीं अपने लेखन के जरिए नई पीढ़ी को अनेक ज्ञानवर्धक सीख भी दी है। हाल ही में उनसे जैम वर्ल्ड टीम ने खास मुलाकात की। पेश है इस खूबसूरत मुलाकात के अंश...



### वर्ष 1970 से हुई शुरुआत

परिवार में हम छह भाई है और वर्ष 1966 में पिताजी का स्वर्गवास हो गया था। इन विकट परिस्थितियों में परिवार बिखरा नहीं, बल्कि सभी ने एकजुटता से आगे बढ़ने का परिचय दिया और माताजी का आशीर्वाद लेते हुए हम सभी ने आगे बढ़ने का फैसला किया। चूंकि जवाहरात का व्यवसाय हमारा खानदानी व्यवसाय था, इसलिए सभी इस क्षेत्र में थे। पढ़ाई के साथ साथ कारोबारी बारीकियों को भी सीखा। इसके बाद अपने दो भागीदारो के साथ वर्ष 1970 में जी.बी.एच. एक्सपोर्ट्स की शुरुआत की। हमारी ईमानदारी और लगन को देखते हुए सभी ने बहुत प्यार दिया, जिसका शुक्रिया जितना अदा करूं, उतना ही कम है। इस दौरान कारोबार के सिलसिले में विदेश जाने की भी शुरुआत हुई। दुनिया के लगभग हर देश को करीब से देखने का मौका मिला और भारतीय होने के नाते सभी ने सम्मान भी काफी दिया। अमेरिका, अफ्रीका, इंग्लैंड सहित सभी देशों में कारोबारी यात्राएं की, जो काफी सार्थक और सफल रही।

### अनुभवी व्यक्तियों से मिली सीख

उन दिनों पन्ने की मैन्युफैक्चरिंग करना बेहद कठिन काम था। उस समय रफ का काम दिन की रोशनी पर अधिक निर्भर था और तकनीकों का अभाव भी रहता था। अब समय बदल चुका है और तकनीकी सुविधाओं में काफी बढ़ोत्तरी हो गई है। इसके कारण दिन की रोशनी पर निर्भरता काफी कम हो गई है और अब उन्नत तरीकों के जरिए काम दिनरात चलता है, जिससे मैन्युफैक्चिरंग काफी बढ़ गई है। हमनें पन्ने के व्यवसाय के साथ तंजेनाईट का एक्सपोर्ट भी किया और अच्छे सम्पर्क एवं मेहनत के कारण काफी प्रगति की। हमारे काम को देखते हुए जैम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल से तीन बार अवार्ड्स भी मिले। हमने जो भी प्रगति की, उसमे जयपुर के जौहरी समाज का अहम् योगदान है, जौहरी समाज से हमें बेतहाशा प्यार व सम्मान मिला। इसे मैं कभी भूल नहीं सकता हूं।

उस समय हमें कई सम्मानित व्यक्तियों से बहुत कुछ सीखने को मिला। शिवशंकर जी गुप्ता, खेलशंकर दुर्लभ जी, नवरतनमल जी कोठारी, विमल चंद जी सुराणा, रतनचंद जी सिंघी, रामदास जी सौंखिया सरीखे सम्मानित व्यक्तियों से हमें काफी सीख मिली है। मैं ज्वैलर्स असोसिएशन कार्यकारिणी का सदस्य भी रहा हूँ और समय समय पर जस कमेटी में भी अपना योगदान दिया हैं। पद लेने की कभी इच्छा नहीं रही हैं पर सदैव उद्देश्य रहता हैं की पद का महत्व बना रहना चाहिए और इसी कारण असोसिएशन की कार्यकारिणी और पदाधिकारियों के चयन में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं।

### जे.सी.एस से नई सांस्कृतिक पहल की शुरुआत

जवाहरात कारोबारियों के पारिवारीक सदस्य आपस में मिले और सांस्कृतिक गतिविधियां भी हो, इसके लिए करीब 30 वर्ष पहले ज्वैलर्स कल्चरल सोसाइटी की स्थापना की। इसमें आज करीब 400 जौहरियों के परिवार जुड़ें हुए है और सांस्कृतिक समारोह भी होते है जहां सभी एक परिवार की तरह मिलते हैं। यह देखकर अच्छा लगता है।

### ज्वैलर्स असोसिएशन के भवन को देख मिलती है खुशी


जौहरी बाजार से हमें काफी कुछ मिला है, इसके कारण यह स्थान हमारे दिलों के काफी करीब है। जयपुर के जौहरियों का नाम दुनियाभर में प्रतिष्ठा से लिया जाता है, ऐसे में हम चाहते थे कि जौहरी बाजार में ज्वैलर्स असोसिएशन के भवन का निर्माण हो और सभी गतिविधियां यहीं संचालित हो। इसको ध्यान में रखकर मैनें ज्वैलर्स असोसिएशन के भवन के पुनः निर्माण और साज सज्जा के लिए पहल की, जिसमें हमारे सौंखिया परिवार के सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग दिया। आज एक सुसज्जित, समस्त सुविधायुक्त ज्वैलर्स असोसिएशन भवन जौहरी बाजार की शान हैं। इसे देखकर अपार ख़ुशी मिलती हैं।




### "जीवन हो तो ऐसा" किताब के जरिए अलख

जवाहरात व्यवसाय के अलावा "जीवन हो तो ऐसा" किताब भी लिखी है, जिसमें जीवन को देखने का नजरिया बताने का प्रयास किया है। इसके अंग्रेजी और हिन्दी संस्करण प्रकाशित हो चुके है। इसे काफी सराहा गया है। मैनें सभी धर्मों की किताबें पढ़ी है, इनमें प्रमुख तौर पर गीता मेरी पसंदीदा किताबों में शामिल है। मेरा ध्येय एक ही है कि सभी में से कुछ अच्छा ग्रहण करूं और उसे अपने जीवन में उतार सकूं ।

### समय के साथ परिवर्तित होना जरूरी




व्यापार में तरक्की के तीन बिंदु हैं ईमानदारी, लगन और व्यापार की समझ। जवाहरात के क्षेत्र में आने वाली नई पीढ़ी को यह पता होना चाहिए कि काम और ग्राहक के प्रति ईमानदारी जरुरी है, तभी हम लंबें समय तक व्यवसाय में तरक्की कर पाएंगें। उन्हें रत्नों के बारे में पूरी जानकारी हासिल करनी चाहिए। काम को सीखना चाहिए, नए ट्रेंड्स की समझ रखनी चाहिए। चाहे क्षेत्र कोई भी हो, उसकी जानकारी और समझ का होना आवश्यक है। समय के साथ नवीन परिवर्तनों के अनुरूप कार्य करना चाहिए, जिससे समय के साथ आप आगे बढ़ सके।

### पशु-पक्षियों के लिए प्रेम

मुझे पशु-पक्षियों से काफी प्रेम है। हमारा पूरा परिवार गायों की सेवा करता है और यहीं वजह है कि पिंजरापोल गौशाला में अनेक पक्के शेड्स का निर्माण भी करवाया है। जबकि पक्षियों के लिए भी काफी सुविधाएं विकसित की है। हमें समाज से काफी प्यार और सम्मान मिला है, उसका अंशभर भी अगर लौटा सके तो जीवन सार्थक रहेगा।

**"जीवन एक महोत्सव है,
हम उल्लास से जियें और हर कार्य
प्रसन्नता के साथ करें"**

# बस! क्रिएशन होनी चाहिए



**चाहे ज्वैलरी गोल्ड की हो या सिल्वर की, उसमें अगर क्रिएशन है तो वह सभी को पसंद आएगी। यह कहना है वैलेन्टाइन सिल्वर इंटरनेशनल के पार्टनर गौरव जैन का। पेश है उनसे हुई मुलाकात के अंश...**

वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से, वो और थे जो हार गए आसमान से। मशहूर शायर फहीम जोगापुरी की ये पंक्तियां चंद लोगों के लिए भले ही पंक्तियां हो, लेकिन ज्वैलरी के क्षेत्र में एक शख्सियत ऐसी भी है, जिनकी कहानी इन्हीं पंक्तियों के जैसी है। यह शख्सियत कड़ें संघर्ष के बाद आम से खास बन चुकी है और उन्होंने न सिर्फ परम्पराओं को तोडक़र बुलंदी की नई इमारत खड़ी की, बल्कि अपने साथ जयपुर की सिल्वर ज्वैलरी को भी नए मुकाम पर ले गए। हम बात कर रहे है वैलेन्टाइन सिल्वर इंटरनेशनल के पार्टनर गौरव जैन की। महज 18 वर्षों में उनकी कम्पनी देश की उन चुनिंदा कम्पनियों में शामिल हो गई है, जिन्होंने सिल्वर ज्वैलरी की दशा और दिशा दोनों बदलने का बीड़ा उठाया है। कड़ें संघर्ष के बाद फर्श से अर्श तक जाने वाले गौरव से जैम वर्ल्ड ने खास मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी कम्पनी के खूबसूरत सफर और इस बीच आए संघर्षों को खुलकर साझा किया। पेश है मुलाकात के चुनिंदा अंश...

## संघर्षों से मिली सफलता

वर्ष 2004 में हमनें जयपुर वैलेन्टाइन सिल्वर इंटरनेशनल की शुरूआत की थी। शुरूआत में काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा। कई बार हमें ऐसा लगा कि हम सफल हो पाएंगे

या नहीं, इसके बावजूद हमनें कभी हार नहीं मानी। मुझे सिल्वर ज्वैलरी में फैशन ज्वैलरी का काम करना था, उस अनुरूप हमें सफलता नहीं मिल पा रहा था। तमाम उतार-चढ़ाव के बाद भी हमनें आगे बढ़ने का फैसला किया और संघर्ष के बाद सफलता जरूर मिलती है। हमनें रशिया में एक्सपोर्ट की पहली खेप भेजी, यहीं से हमारे कदम मबजूत हुए और हम आगे बढ़ते चले गए।



## डोर टू डोर सर्वे से मिली सफलता

शुरुआती दिनों में हमने विदेशों में डोर टू डोर जाकर माल दिखाना शुरू किया और फीडबैक भी लिया। इससे हमारी इंटरनेशनल मार्केट में पकड़ मजबूत होने लगी। मैनें व्यक्तिगत तौर पर गोल्ड के खरीदारों को अपना माल दिखाया और उन्हें समझाया कि वे गोल्ड ज्वैलरी के साथ साथ हमारी सिल्वर में बनी फैशन ज्वैलरी को भी अपनाएं। यह हमारे लिए बहुत मुश्किल काम था, लेकिन गोल्ड ज्वैलरी के खरीदारों ने हमारी बात मानी और उन्होंने हमारे माल को लेना शुरू किया। अब हम गोल्ड ज्वैलरी का विकल्प बनने लगे थे और सभी को हमारे प्रयास एवं ज्वैलरी दोनों पसंद आने लगे। यह वास्तव में हमारे लिए गर्व की बात थी। फिर धीरे-धीरे कारवां बनता गया।

## ऑनलाइन मार्केटिंग यानी अतिरिक्त मेहनत

आमतौर पर लोग सोचते है कि बढ़िया सी वेबसाइट बनाकर उस पर माल बेचने लग जाएं तो ग्राहक अपने आप आ जाएंगें,



ऐसा नहीं होता है। असलियत में, हमनें ऑनलाइन उपस्थिति को बढ़ाने के लिए दोगुनी मेहनत की। नई पीढ़ी के युवाओं को यह सच में जानना चाहिए कि ऑनलाइन पोर्टल बनाकर माल बेचना आसान नहीं होता है। हमनें ऑनलाइन पोर्टल बनाया, उस पर हमारा एक्सक्लूसिव माल रखा और फिर असली मेहनत शुरू की। हमनें छोटे छोटे शहरों और कस्बों के छोटे रिटेलर्स को कॉल करके हमारे माल के बारे में बताया। रिटेलर्स को हमारी वेबसाइट पर लेकर आएं और उन्हें वहां माल दिखाया, जो उन्हें पसंद आया, तब जाकर बात आगे बढ़ी। हम पूर्णतया कस्टमाइज्ड ज्वैलरी बना रहे है। ग्राहक और रिटेलर्स को दिखाने के लिए एक स्टुडियो बनाया है, इसमें ३६० डिग्रीज पर फोटोज ली जाती है और बॉयर्स को ऑनलाइन लाइव वीडियोज के जरिए यह दिखाते भी है। इसके बाद धीरे धीरे खरीदारों का विश्वास हमारे प्रति बढ़ा है और दुनियाभर में छोटे रिटेलर्स हमसें जुड़ रहे है। हमनें १०० रिटेलर्स का लक्ष्य रखा और कड़ी मेहनत करके हम उसे हासिल करने के मुकाम तक पहुंच गए है। अब हमनें हर साल इस सूची में एक देश जोड़ने का लक्ष्य रखा है और हम इसे भी हासिल कर रहे। मेहनत करते है तो सफलता जरूर मिलती है।

## हर जगह की खूबियों पर फोकस है जरूरी

क्लाइंट को केवल क्रिएशन चाहिए, उसे गोल्ड और सिल्वर से मतलब नहीं है, इसलिए हम सिल्वर ज्वैलरी का निर्माण भी गोल्ड के समानान्तर ही करते है। हम विदेशों में रिटेलर्स को कॉलिंग के जरिए समझाते है कि हम भारत से है और हमारी



फैशन ज्वैलरी को जरूर देखिये। हम डोर टू डोर जाते है, लोगों को समझाते है, फिर माल बेचते है। अमेरिका में जो चलता है, वो अफ्रीका में नहीं चलता है। हर जगह की अपनी विशेषता और खूबी होती है। हमारी कोशिश रहती है कि हम लोगों को, खासतौर पर रिटेल चैन स्टोर्स को कनेक्ट कर सके, यहीं वजह है कि हम डिजाइनर्स, रिटेलर्स और स्मॉल बॉयर्स को कनेक्ट करते है और उनसे एक मजबूत बॉन्डिंग बनाकर आगे बढ़ते है।

## सिल्वर ज्वैलरी में स्कोप काफी है

फिलहाल सिल्वर ज्वैलरी में फैशन को सही तरीके से समाहित नहीं किया जा रहा है। सिल्वर ज्वैलरी में बहुत स्कोप है। अभी खरीदार ने जो मांगा, वहीं दिया जाता है। अगर सहीं मानें तो सिल्वर ज्वैलरी गारमेंट्स के साथ कनेक्ट है। कस्टमर के गारमेंट्स के कलर एवं प्रिंट की मांग पर हमें ज्वैलरी में कलर स्टोन एवं ट्रेंड का अंदाजा लगता है। यदि फैशन के अनुसार चलेंगे तो अच्छा है। अब सारे देशों में भारतीय ज्वैलरी की मांग तेजी से बढ़ी है।

## नैनो और अर्ध मूल्यवान रत्न है भविष्य के ट्रेंड

ट्रेंड्स की बात करें तो डायमंड की मांग बढ़ी है। नैनो और सिंथेटिक रत्न व अर्ध मूल्यवान रत्नों की मांग में बढोत्तरी हुई है। बीड्स ज्वैलरी का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि अब रशिया सहित कई देशों में मास प्रोडक्शन चालू हो चुका है। चाइना वाले मशीनों से जिस प्रकार की वैरायटी बाजार में ला रहे है, वो हम नहीं कर सकते है। हम भारतीय अधिकतर हाई एंड सिल्वर ज्वैलरी बनाते है। वैसे भारत में तीन प्रमुख शहर सिल्वर ज्वैलरी के लिए हब है, इनमें जयपुर, मुम्बई और कोलकाता शामिल है। दुनियाभर के निर्यात के मामले में सिल्वर ज्वैलरी में जयपुर सिरमौर है।

## नए लोग आएंगें तो बढेगी वर्क फोर्स

हमारा ध्येय है कि हम नए लोगों को मौका दे। इसके लिए हम हमारी फैक्ट्री में नए लोगों को प्रशिक्षण देते है, क्योंकि अनुभवी लोगों के साथ नए लोगों को भी मौका दिया जाना चाहिए। हमारे पास स्किल्ड वर्क फोर्स की कमी हैं। यदि हमें बड़ी तादात में ऑर्डर्स मिलते हैं तो हम चीन की तरह उन्हें पूरा नहीं कर सकते हैं। इसके लिए हमें कारीगरों की बड़ी टीम चाहिए। इसी कारण हमारी फैक्ट्री नए लोगों को रखने में और उन्हें प्रशिक्षित करने में अग्रणी हैं। आने वाले समय में हैंडमेड ज्वैलरी की डिमांड काफी अधिक बढ़ने की उम्मीद हैं ऐसे में नए लोगों को प्रशिक्षित करना हमे भविष्य में अधिक मजबूत बनाएगा।



# हम पर दुनिया करती है 'भरोसा'



**233 वर्षों से ज्वैलरी के चाहने वालों के बीच अपनी अमिट छाप रखने वाले श्रीराम हरिराम ज्वैलर्स इस इंडस्ट्री में जाना पहचाना नाम है, जिसकी नींव मुगल काल में रखी गई थी और अब दिल्ली सहित देशभर में इनके गहनों को लेकर आकर्षण है। श्रीराम हरिराम ज्वैलर्स की निदेशक मेघाली गुप्ता से हुई खास बातचीत के प्रमुख अंश...**

सुन्दर और शुद्ध गहनों की बदौलत बीते ढाई सौ सालों से देश की राजधानी में अपनी अलग और मुकम्मल पहचान रखने वाले श्रीराम हरिराम ज्वैलर्स का नाम आज पहचान का मोहताज नहीं है। मुगल सल्तनत से शुरू हुआ उनका सफर आज तक अनवरत जारी है। वर्तमान में विरासत को सहेजकर भविष्य की डगर पर चलने वाला श्रीराम हरिराम ज्वैलर्स अब वह नाम बन चुका है, जिसके लिए खरीदार आंखें मूंदकर कहते है कि हमें 'भरोसा है।'

हमारी विरासत बेहद समृद्ध है और इसकी शुरुआत करीब 233 वर्ष पूर्व हुई थी। हमारे परदादा विशम्बर दयाल जी मुगल साम्राज्य के अंतिम सम्राट बहादुर शाह जफर के खंजाची थे। उन्होंने तब इस व्यवसाय की शुरूआत की थी। इसके बाद पीढ़ी दर पीढ़ी परिवार के सदस्यों ने इस व्यवसाय को नई बुलंदियों पर पहुंचाया। इसी कड़ी में श्रीराम हरिराम के स्टेम्प के साथ ज्वैलरी को बेचना शुरू किया और यह इतने शुद्ध थे, जितना आज हॉलमार्क पर विश्वास किया जाता है। यहीं से



हमारा नाम हमारी पहचान बन गया। शुरुआत से ही हम चांदी के उत्कृष्ट डिज़ाइन वाले बर्तन और ऑर्नामिंट्स का निर्माण करते रहे है जिसके कारण हमे चांदीवालाज़ के नाम से भी जाना जाता था. समय के साथ अब हमारा दायरा काफी विस्तृत हो चुका है और अब हम चांदी के अलावा सोना, रंगीन रत्न और डायमंड में प्रीमियम के साथ साथ अफोर्डेबेल रेंज भी उपलब्ध करवाते है। हमारी शुरुआत दिल्ली में एक गद्दी से हुई थी, लेकिन अब यह एक बड़ा नाम बन चुका है। हमारी कम्पनी को एकजुटता के साथ संभालते हुए बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए हम सभी प्रयासरत रहते है।

## हमारा कलेक्शन बेहद खास है

हमारे पास रत्नाभूषणों की विस्तृत विविधता है। हमारे लिए गौरव की बात है कि हम इंडियन आर्मी के लिए मैडल्स भी बनाते है। यह अतुलनीय काम है। फिलहाल हमारे पास चार सेक्शन है, इनमें सोना, चांदी, रंगीन रत्न और डायमंड की विस्तृत श्रृंखला प्रमुख है। मौजूदा ट्रेंड्स की बात करें तो आजकल युवाओं की सोच में बदलाव आया है और अब वे आधुनिक गहनों को अधिक प्राथमिकता देते है।
हमारा कुट्योर कलेक्शन बेहद खास है यह प्रीमियम क़्वालिटी और रेडी टू वियर हैं सभी को यह काफी पसंद आता है।

## महामारी के बावजूद बढ़ी खरीदारी

देश में काफी कुछ नया हुआ है और महामारी के दौर के बाद फिर से बाजार रफ्तार पकड़ रहा है। हमारे देश में शादियां होने का पारम्परिक तरीका है जिसमे सोने चांदी की खरीद्दारी का अपना महत्व हैं और उसका अनुसरण होता ही है। गहनों की खरीददारी भी हो रही हैं, और इसे हार्ड स्टफ के तौर पर भी निवेश के लिए अच्छा माना जा रहा हैं। महामारी के बाद हल्की सी स्थितियां बिगड़ी थी जिसके चलते बाजार में बदलाव आया था, पर अब स्थितियां तेजी से सामान्य हो रही है। ग्राहकों की संख्या बढ़ने लगी है और अगर आप गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं दे रहे है तो आपके संबंध हमेशा अटूट बने रहेंगे।

## गोल्ड हमेशा पहली पसंद था और रहेगा

अगर दूरदर्शी सोच की बात की जाएं तो गोल्ड की तुलना नहीं की जा सकती है। गोल्ड शुरू से निवेश का सबसे श्रेष्ठ माध्यम रहा है और रहेगा। हम भारतीयों की सोच है कि सोना निवेश के लिए सबसे उपयुक्त है और यहीं वजह है कि महामारी के दौरान भी इसमें निवेश किया गया है। जवाहरात व्यवसाय में दूसरे विकल्पों पर भी निवेश किया जाता है, लेकिन उन सभी में भी गोल्ड को ही प्राथमिकता दी जाती है।

## सोशल नेटवर्किंग पर फोकस

बदलते समय के हिसाब से हमनें अब ऑनलाइन नेटवर्किंग का उपयोग बढ़ा दिया है। कार्पोरेट इवेन्ट्स व एग्जिबिशंस में भागीदारी भी बढ़ा दी है और इसके कारण हमें काफी फायदा भी मिला है। हाल ही में हमनें जेजेएस, जयपुर और आईआईजेएस, मुंबई में शिरकत की। असल में, दुनिया में तेजी से हो रहे बदलावों को करीब से जानने के लिए शोज और एग्जिबिशंस बेहतर जरिया है। फ्यूचर ट्रेंड्स की बात करें तो एमरल्ड को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और डायमंड के प्रति भी चाहत बढ़ी है।

## जयपुर है पसंदीदा जगह

जयपुर और दिल्ली में काफी सारी समानताएं है और दोनों ही हैरिटेज खूबसूरती काफी ज्यादा रखते है। वहां काफी अच्छे लग्जरी होटल्स भी है और कुजिन तो बेहद जायकेदार है। जयपुर में हमारी बिजनेस नेटवर्किंग काफी अच्छी है और सभी से कारोबारी रिश्ते भी बेहद मजबूत है। कुल मिलाकर जयपुर में वो सभी खूबियां है, जो इसे हमारे लिए बेहद खास बनाती है। इन्हीं खूबियों की बदौलत जयपुर हमेशा से ही मेरी पसंदीदा जगह रहा है।



# हम भाग्यशाली !

**भारत से कारोबारी और व्यक्तिगत संबंधों पर खुलकर बोले कोलम्बिया स्थित सी.आई. बोगोटा एमरल्ड मार्ट एस.ए.एस. के अंतर्राष्ट्रीय बिक्री प्रबंधक जॉनी बजालेल.**

बीते 30 वर्षों से भी अधिक समय से नेचुरल कोलम्बियन एमरल्ड्स की दुनियाभर में आपूर्ति करने वाले बेनी बजालेल न सिर्फ कोलम्बिया, बल्कि दुनियाभर के जेम स्टोन क्षेत्र में ख्यात नाम है। भले ही अनेक देशों में उनके ग्राहक हो, लेकिन उनके दिल में भारत बसता है। उनके पुत्र और कम्पनी में अंतर्राष्ट्रीय बिक्री प्रबंधक के रूप में काम संभालने वाले जॉनी बजालेल ने जैम वर्ल्ड से अपने सफर को साझा किया। पेश है प्रमुख अंश...



जॉनी बजालेल

## हमें अपनी कंपनी के बारे में विस्तार से बताइयें?

मेरे पिता श्री बेनी बजालेल ने वर्ष 1988 में कंपनी की स्थापना की और इसके अध्यक्ष के रूप में कोलम्बिया के पन्ना ब्रोकरेज बाजार (कट और रफ दोनों में) में काफी काम किया। उन्होंने कोलम्बिया में इंटरनेशनल कलर्ड जेम असोसिएशन में राजदूत के रूप में भी सेवा की है। मैं 2006 में इस व्यवसाय में अपने पिता के साथ जुड़ा और तब से अंतर्राष्ट्रीय बिक्री प्रबंधक के रूप में काम कर रहा हूं। वर्तमान में एकोड्स, कोलम्बियन एमरल्ड्स एक्सपोर्ट्स असोसिएशन के उपाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी भी संभाल रहा हूं।
सी.आई. बोगोटा एमरल्ड मार्ट एस.ए.एस. नेचुरल कोलम्बियन एमरल्ड्स के लिए दुनिया की थोक ब्रोकरेज फर्मों में अग्रणी और प्रत्यक्ष अंतरराष्ट्रीय निर्यातकों में प्रमुख है। हमारी मौजूदगी प्रमुख तौर पर कोलम्बिया में बोगोटा के पन्ने के क्षेत्र में है। हम आकार, गुणवत्ता और कीमत के अनुसार रफ व कट एंड पॉलिश किये गए स्टोन्स के निर्यात में एक अच्छा अनुभव एवं नाम रखते है। हमारे पास अमेरिका, भारत, ब्राजील, यूरोप और मध्य पूर्व सहित दुनियाभर के ग्राहक हैं।

## आप भारत में पन्ना बाजार के बारे में क्या सोचते है?

भारत में पन्ने की मध्यकाल से काफी अधिक मांग रही है। वहां के इतिहास की मानें तो प्राचीन महाराजा पन्ने व पन्ना ज़डित आभूषणों को पहनना पसंद करते थे। राजा-महाराजाओं के इस खास शौक की बदौलत पूरे देश में पन्ने के प्रति एक सकारात्मक माहौल बना और यह सभी की पसंद बन गया। इसी कारण भारत दुनिया में पन्ना के सबसे बड़े आयातकों में से एक है। मेरा मानना है कि हम बहुत भाग्यशाली हैं कि इस खूबसूरत देश के कई लोगों के साथ हमारे व्यापारिक और व्यक्तिगत दोनों तरह के मजबूत संबंध हैं।

## जयपुर शहर और उसके लोगों के साथ आपका जुड़ाव कैसा है, बताईयें?

वर्तमान में हमारा सबसे बड़ा बाजार भारत है। हमारे लिए यह सुखद और बेहतरीन अनुभव है कि हम 30 से अधिक वर्षों से भारतीय बाजार और भारतीय कारोबारियों के साथ काम कर रहे है। हमें उम्मीद है कि हम वहां अपने व्यापार को बढ़ाना जारी रखेंगे। हम भारत के व्यापारियों को हर महीने 100 किलो से ज्यादा रफ बेचते है। हमारे कई ग्राहक जयपुर से भी है, उनसे हमारे कारोबारी एवं व्यक्तिगत दोनों ही स्तरों पर संबंध बेहद मजबूत है। वे नियमित रूप से कोलेम्बिया आते हैं. भारत के अन्य हिस्सों से भी ग्राहक हमारे पास आते है। यह



जॉनी बज़ालेल अपने पिता बेनी बज़ालेल के साथ

हमारे लिए बेहद गर्व की बात है. भारतीय ग्राहक जाम्बिया और ब्राजील से भी पन्ना लेते है, लेकिन जब भी वे बेहतर गुणवत्ता वाले पन्ना चाहते हैं, तो वे कोलंबियाई पन्ना खरीदना अधिक पसंद करते है।

## आप अपने सोर्सिंग और अपने सबसे बड़े बाजारों के बारे में बताइये?

हम आमतौर पर कोलम्बिया से कट एंड पॉलिश या रफ पन्ने सीधे सोर्स से ही खरीदते हैं। हमारे कई खदान शेयर धारकों और निर्माताओं के साथ रणनीतिक गठबंधन हैं, जिनसे हम सभी प्रकार का गुणवत्ता पूर्ण माल लेते हैं। हमारी कंपनी एक विकासशील कम्पनी है और कई महत्वपूर्ण खानों में हमारी साझेदारी भी है। मुज़ो क्षेत्र में एम्पावास की खान और कोस्क्यूज़ के क्षेत्र में कैल्सेटरोस और ब्यूनस आयर्स की खान हालिया अधिग्रहण है, जबकि कुछ फिलहाल प्रक्रिया में है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत बने रहने के लिए हम काफी प्रयास करते है, जो सार्थक भी हुए है।

## 2022 शुरू हुआ है और ऐसे में आप बाजार को लेकर क्या उम्मीदें रखते है, बताईयें?

हमारे लिए पिछला साल 2021 बहुत अच्छा था और हम जानते हैं कि हमारी यहीं रफ्तार वर्ष 2022 में भी जारी रहेगी। जैसे-जैसे महामारी समाप्ति की कगार पर है, हमें विश्वास है कि कोलम्बियन एमरल्ड्स की मांग बढ़ेगी।

# फ्यूरा की नीलामी में छाया आस्ट्रेलियाई नीलम




**फ्यूरा जेम्स की ओर से बैंकॉक में आयोजित प्रदर्शनी में तीन देशों के 36 प्रतिनिधियों ने की शिरकत।**

**मार्च में एमरल्ड्स तो अप्रैल में रूबी की भव्य प्रदर्शनी की तैयारी।**

फ्यूरा जेम्स की ओर से हाल ही में बैंकाक में ऑस्ट्रेलियाई नीलम की नीलामी का आयोजन किया गया। नीलामी को लेकर दुनियाभर में रफ के खरीदारों के बीच उत्साह दिखाई दिया जहां तीन प्रमुख देशों के प्रतिनिधियों ने नीलामी स्थल पर प्रीमियम गुणवत्ता की रफों की जमकर खरीदारी की। आयोजकों ने बताया कि ग्रेडिंग प्रणाली के तहत खास शैली में रफों की नीलामी हुई और इस बार उत्तम गुणवत्ता वाली रफों को ही शामिल किया गया था। इस मौके पर आस्ट्रेलिया के अलावा थाईलैंड और भारत सहित दुनियाभर से आए करीब 36 प्रतिनिधियों ने नीलामी में हिस्सा लिया।

नीलामी में ब्लू, ग्रीन, टील और ब्लैक स्टार इत्यादि रंगों में 1,175,000 कैरेट्स की बेहतरीन रफें खरीदारों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही।

## अप्रैल में रूबी की भव्य नीलामी

आयोजकों ने बताया कि नीलामी को मिल रहे समर्थन को देखते हुए आगामी नीलामी कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की जा चुकी है। इस क्रम में मार्च में एमरल्ड्स की नीलामी का कार्यक्रम निर्धारित है। इसके बाद अप्रैल में रूबी की भव्य नीलामी भी प्रस्तावित है, जिसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। आयोजकों के अनुसार फिलहाल सभी कार्यक्रमों का स्थल बैंकॉक ही निर्धारित किया गया और प्रदर्शनी में सिर्फ उत्तम गुणवत्ता की रफों को ही प्रदर्शित किया जाएगा। नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने के लिए इच्छुक कम्पनियां अपना ब्यौरा हमारे आधिकारिक ईमेल पर info@furagems.com साझा कर सकती है और निर्धारित मानदंडों के पूरे पाये जाने पर वे भी हमारे नीलामी कार्यक्रमों में हिस्सा ले सकती है।





# रफ से रत्न के निर्माण की कहानी



**रत्ननगरी जयपुर के रफ कारोबारियों द्वारा खदानों से निकली पत्थर रूपी रफ को तराशकर बेशकीमती रत्न बनाने की अद्भुत और प्रेरणात्मक जानकारियों को प्रस्तुत करती खास रिपोर्ट...**

चमक और दमक से भरपूर रत्नाभूषणों को देखकर अक्सर मन मोहित हो जाता है। रत्न न सिर्फ व्यक्तित्व में निखार लाने का कार्य करते है, बल्कि देश विदेशों की संस्कृतियों के अनुसार रत्नों को धारण करने से आत्मविश्वास और उसके प्रभाव में भी बढ़ोत्तरी होती है। यहीं वजह है कि दुनियाभर में रत्नों को लेकर जबरदस्त उत्साह रहता है और इन्हें हर खुशी के पावन मौके पर हमेशा दिल के करीब माना जाता है। कैसे यह रत्न इतने खूबसूरत और मनोरम बनते है, इसकी कहानी भी बेहद रोचक है। खरड़ अर्थात् रफ से नायाब रत्न बनने की कहानी में कितनी मेहनत होती है और इसे तराशने वाले कारीगर(रत्नाकार) कैसे इन्हें दिलकश रूप में ढालते है, इसके अलावा खरड़ की कटाई, छंटाई से फिनिशिंग होने तक के सभी पहलुओं को पहली बार जैमवर्ल्ड के जरिए सभी के सामने लाने का प्रयास किया गया है।



## दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब है जयपुर

भले ही दुनिया भर में खरड़ की खदानें हो, लेकिन हकीकत में इन सभी खदानों से जुड़ें कारोबारियों की पहली पसंद जयपुर है, यहीं वजह है कि जयपुर को रत्ननगरी कहा जाता है और इसे दुनियाभर में रत्न उद्योग का प्रमुख केन्द्र माना जाता है। दुनियाभर के रत्न व्यवसायियों की मानें तो जयपुर सिर्फ रत्ननगरी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे रत्न निर्यात के क्षेत्र में भी सिरमौर माना जाता है। मुख्यतौर पर भारत में मैन्युफैक्चिरंग के लिए रफ का आयात अफ्रीकन देशों से होता है। इनमें जाम्बिया, तंजानिया, केन्या, नाइजीरिया, कांगो और मेडागास्कर जैसे देश शामिल है। इनके अलावा ब्राजील, यूएसए, आस्ट्रेलिया और रशिया आदि देशों की रफ भी फिनिशिंग के लिए जयपुर आती है। इस कार्य के लिए जयपुर के कारोबारियों के पास प्राचीनतम से लेकर आधुनिकतम तकनीकें मौजूद है, जिसके कारण जयपुर दशकों से इस क्षेत्र में अव्वल है तो वहीं यहां के कारोबारियों को इस क्षेत्र में सबसे भरोसेमंद भी माना जाता है।

# रत्न को तराशने की प्रक्रिया

## प्रक्रिया की शुरुआत

विभिन्न देशों में स्थित खदानों में से रफ को खोदकर निकाला जाता है। इस दौरान रफ के आकार और उसके रंग भिन्न भिन्न प्रकार के होते है। खुदाई के दौरान रफ की प्राकृतिक अवस्था गंदी अथवा मिट्टी से लदी हो सकती है, इसकी वजह से इन्हें खदानों से खरीदने वाले सबसे उपयुक्त स्थान पर फिनिशिंग के लिए भेजते हैं। उदाहरण के तौर पर देश विदेश स्थित खदानों में खुदाई के दौरान मिलने वाली रफ को क्लाइंट प्लास्टिक बैग्स अथवा ड्रम्स में पैक करके जयपुर के रफ कारोबारियों के पास भेजते है। यहां रफ आने के बाद अनेक रफों को सीधे तौर पर उत्पादन की प्रक्रिया में शामिल कर लिया जाता है, जबकि कुछ रफों को पानी एवं अन्य कैमिकल्स के जरिए धुलाई करने के बाद आगे की प्रक्रिया के लिए सलेक्ट किया जाता है।



## रफ की छंटाई


रत्न व्यवसाय में सबसे महत्वपूर्ण चरण है असोर्टिंग, इसे हिन्दी में छंटाई भी कहा जाता है। इस प्रक्रिया में गुणवत्ता एवं आकार के आधार पर रफ की छंटाई की जाती है, जबकि इसी रफ को रंग के उतार-चढाव के आधार पर हल्के एवं गहरें रंगों में विभाजित किया जाता है। इसके बाद फिर से क्वालिटी टीम की ओर से रफ की गुणवत्ता का आकलन किया जाता है और आगे की प्रक्रिया के लिए उसे संबंधित यूनिट को प्रेषित किया जाता है।

## रफ की कटाई

रफ के व्यवसाय में रफ की कटाई अर्थात् स्लाइसिंग को दूसरा सबसे महत्वपूर्ण चरण माना जा सकता है। इसमें



क्वालिटी मानकों का अनुसरण करते हुए रफ पर मार्किंग यानी निशान लगाने की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसी के आधार पर उसका चयन आगे की प्रक्रिया के लिए किया जाता है। इस तमाम प्रक्रिया में रफ के अनुसार कटाई डिस्क, का उपयोग कटाई के काम में किया जाता है। इस दौरान आकार, गुणवत्ता और रंग का विशेष ध्यान रखा जाता है और इसी आधार पर कटाई के बाद फिर से उसकी गुणवत्ता का आकलन किया जाता है, जिसके बाद इसे अग्रिम चरण के लिए चयनित किया जाता है।



## घाट बनाने की प्रक्रिया

कटाई की प्रक्रिया के बाद चुनकर आई रफ को घाट की प्रक्रिया अर्थात प्रीफोर्म प्रोसेस के लिए चुना जाता है। इसमें रफ की संरचना के आधार पर कम, मध्यम अथवा तेज गति वाली मशीनों का प्रयोग किया जाता है और उसी अनुरूप रफ को तराशने के लिए उपयुक्त डिस्क का भी उपयोग किया जाता है। मशीन चलाने के बाद डिस्क पर पानी की बूंदें गिरती है और उंगलियों की चुटकी से पकड़कर रफ को मापयंत्र से मापते हुए जरुरत के अनुसार उचित आकार दिया जाता है। यह प्रक्रिया अनुभवी कारीगरों द्वारा सम्पन्न की जाती है, जिसकी मॉनिटरिंग और फाइनल क्वालिटी चैकिंग सुपरवाइजर द्वारा की जाती है। इसके बाद चुने गए स्टोन्स को केलिब्रेशन की प्रक्रिया के लिए प्रेषित किया जाता है। घाट

बनाने की प्रक्रिया में रत्नों को कई प्रकार के आकार दिए जाते है, जिनमें ओवल, स्क्वायर, अठमास, गोल, मार्किस, पान, हार्ट शेप, कुशन के अलावा पोटे, गोश्वारे, ताबीज, बादामचे, टम्बल, बॉल्स इत्यादि प्रमुख है।



## केलिब्रेशन

इस प्रक्रिया में स्टोन को फाइनल शेप और साइज दी जाती है, जिसे केलिब्रेशन अथवा 'एमएम' के नाम से भी जाना जाता है। इस प्रक्रिया में दो प्रकार की मशीनों, परफेक्ट और किनार मशीन का उपयोग किया जाता है। परफेक्ट मशीन में डिस्क का उपयोग किया जाता है, जबकि किनार मशीन में व्हील का प्रयोग होता है। 'परफेक्ट मशीन' में पीस को डोपस्टिक पर चिपकाया जाता है और उसके आकार एवं कैलिब्रेशन को निर्देशित करने के लिए एक ऐक्रेलिक या धातु के मास्टर पीस का उपयोग किया जाता है। इस दौरान ग्राइंडिंग एक पहिये के डायमंड कोटेड फ्लैट हिस्से पर की जाती है। दूसरी मशीन को 'गर्डल शेपिंग मशीन' कहा जाता है। यहां पीस को दो प्लास्टिक बिट्स और एक स्प्रिंग लोडेड मैकेनिज्म के बीच रखा जाता है, जिससे यह हिल नहीं पाए। यह मशीन घाट को केवल उसकी आउटलाइन शेप अथवा कैलिब्रेशन प्रदान



**केलिब्रेशन प्रक्रिया के विभिन्न भाग**

करती है। इसके बाद साइड प्रोफाइलिंग को मैन्युअल रूप से करने की आवश्यकता होती है। इसे वर्तमान में बड़े पैमाने पर उपयोग में लिया जाता है। दोनों ही मशीनों से बने माल को आधुनिक मापयंत्रों के जरिए जांचा जाता है और साइज शेप सही होने पर ही अगले चरण के लिए प्रेषित किया जाता है।



## फेसेट्स मेकिंग एंड पॉलिशिंग

केलिब्रेशन के बाद में स्टोन की खूबियों को पूरी तरह से उभारने के लिए कटिंग एवं पॉलिशिंग की जाती है। इसे फाइनल चरण भी माना जाता है। इसमें इजरायल, ली, परसान, गोट और प्लेन पॉलिश इत्यादि मशीनें होती है। इन मशीनों के द्वारा स्टोन्स पर कटिंग (फेसेट्स) लगायी जाती है। इसमें कट स्टोन को तावड़े और कैब्स स्टोन को पोटे के नाम से पुकारा जाता है। हालांकि पोटे में प्लेन पॉलिश के अलावा कभी-कभी कटिंग भी लगाई जाती है।

## ऑइलिंग (तेल में डालकर रखना)

कुछ रत्नों को तैयार करने के बाद तेल में भिगोकर रखा जाता है। कभी कभी घाट को भी तैयार करने से पहले तेल में डाला जाता है। ऐसा करना इसलिए आवश्यक रहता है क्योंकि मशीनों के घर्षण के कारण रत्नों में सुखाव आ जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान ऐसे रत्नों को तेल में रखने पर उनकी खूबसूरती प्राकृतिक रूप से बरकरार रहती है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है, जो दशकों से अपनायी जा रही है। इस प्रक्रिया के दौरान आमतौर पर जॉनसन बेबी ऑयल और केयो कार्पिन तेल का उपयोग किया जाता है।



## ड्रिलिंग

रत्नों के कुछ आकारों को धारण करने के लिए ड्रिल की आवश्यकता भी पड़ती है। इस कार्य को ड्रिल मशीन(छेद

करने की मशीन) के जरिए ड्रिल करके पूरा किया जाता है। इस दौरान ड्रिलिंग को तीन प्रकार से विभक्त किया जाता है। इनमें पहला फुल ड्रिल, जिसमें छेद आर-पार होता है। दूसरा हॉफ ड्रिल होता है, जिसमें छेद आधा ही किया जाता है। जबकि तीसरा साइड ड्रिलिंग होती है, जिसमें साइड से ड्रिलिंग के जरिए नगीने अथवा रत्न में छेद किया जाता है।



## कार्विंग

कार्विंग की प्रक्रिया के दौरान रत्नों पर विभिन्न आकृतियों को उकेरा जाता है, जैसे फिगरेटिव वर्क, फूल एनीमल्स, स्कल्स इत्यादि। यह कार्य कुशल कारीगरों द्वारा विभिन्न मशीनों की मदद से किया जाता है।



## क्वालिटी पर रहती है पैनी नजर

गुणवत्ता का स्तर हमेशा बरकरार रहे, इसके लिए क्वालिटी कंट्रोल डिपार्टमेंट के सदस्यों की खास भूमिका रहती है। इस



टीम के सदस्य हर विधि के बाद रत्न की गहनता से जांच करते है, जिनमें रत्न का आकार, माप और रंग पर पैनी नजर रखी जाती है। सभी पहलुओं से उसकी जांच करने के बाद ही उसे शिपमेंट के लिए प्रस्तावित किया जाता है। इसे इतनी सावधानी से किया जाता है कि यदि शिपमेंट में जाने से पहले रत्न में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है।

## यहीं है मेहनतकश रत्नकार

रत्नों के खूबसूरत क्षेत्र में सबसे अहम भूमिका इसे काटने और तराशने वालों की होती है। इन्हें लैपिडरी आर्टिस्ट के रूप में पहचाना जाता है और यह एक कलाकार के समतुल्य ही अपनी कला में निपुण होते है। एक पत्थर को खूबसूरत रत्न बनाने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। लैपिडरी कलाकार दुनिया में हर जगह पाए जाते हैं और वास्तव में इस उद्योग की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी लैपिडरी कलाकार ही है।

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

GEM WORLD
Official Magazine Of **The Jewellers Association, Jaipur**

Know • Connect • Grow

The 47 year old magazine has always enjoyed a huge reader base in India as well as across the globe. We invite you to use this platform to advertise in the magazine and expand your access to a global audience in different parts of the world. Come forth and showcase your business in one of the most read jewellery magazines of the trade. This e-magazine will be circulated amongst a wide reader-base, hence your brand-reach is unlimited.

For advertisement tariff or more enquiry, contact:
**+91 87696 64868 | +91 99502 11331** ▪ E: gemworld@**ja**jaipur.com

GJEPC INDIA | IIGJ RESEARCH & LABORATORIES

# आकर्षक टर्क्वॉइज़

## भाग 2

### उपचारित टर्क्वॉइज़

**टर्क्वॉइज़ अर्थात् फिरोजा पर आधारित कुल तीन भागों की दूसरी कड़ी का इस बार प्रकाशन किया जा रहा है। प्रकृति के खूबसूरत और नायाब रत्न टर्क्वॉइज़ में कौनसा असली है और कौनसा नकली, इसमें भेद कर पाना बेहद मुश्किल होता है। इन्हीं कठिनाईयों को दूर करने के लिए इस बार टर्क्वॉइज़ की पहचान को उजागर करने का प्रयास किया जा रहा है। इस भाग में इस बेशकीमती रत्न के उपचार, पहचान और उसके प्रकटीकरण के बारे में पढ़िए जानकारी।**

**भाग 1 से पुनर्कथन:**

टर्क्वॉइज़ में सूक्ष्म क्रिस्टल होते हैं, जो एक ठोस द्रव्यमान बनाते हैं। अगर क्रिस्टल को साथ में पैक किया जाता है, तो यह कम झरझरा होता है और यहीं वजह है कि इसकी बनावट महीन और चिकनी होती है। ढीले पैक वाले क्रिस्टल के साथ टर्क्वॉइज़ की बनावट मोटी होती है और उसके छिद्र बड़े होते है। झरझरापन और बनावट दोनों टर्क्वॉइज़ की दिखावट और इसके टिकाउपन को प्रभावित करते है। कम झरझरापन होने से इसकी बनावट चिकनी, अधिक टिकाउ और मजबूत रहती है, जबकि कई बार स्थितियां विपरीत भी नजर आती है। पॉलिश किए जाने पर महीन बनावट वाले टर्क्वॉइज़ में उप-कांच की चमक के लिए एक आकर्षक मोम होता है, जबकि एक मोटी बनावट वाला टर्क्वॉइज़ पॉलिश के बाद फीका दिखाई देता है। इसलिए, कम झरझरे और महीन बनावट वाले टर्क्वॉइज़ की कीमत उच्च झरझरे वाले की तुलना में अधिक आंकी जाती है।



पॉलिमर उपचारित 'स्थिर' टर्क्वॉइज़

अधिकांश टर्क्वोइज़ का जब खनन किया जाता है, तो इसकी झरझरी संरचना के कारण यह चूने के रंग के समान अथवा सफेद दिखाई देता है। यह मुख्य रूप से टर्क्वोइज़ नोड्यूल बनाने वाले सूक्ष्म क्रिस्टल से प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण होता है। इस तरह की चूने की समान दिखने वाले टर्क्वोइज़ काटने और चमकाने के लिए अनुपयुक्त रहते है, क्योंकि यह प्रक्रिया के दौरान बस उखड़ जाते है और तेलों एवं अन्य पर्यावरणीय प्रभावों के प्रति भी अति संवेदनशील होते है, इसी कारण अक्सर नीले टर्क्वोइज़, हरे रंग में परिवर्तित हो जाते है। टर्क्वोइज़ की अंतर्निहित संरचना के कारण, बाजार में मौजूद अधिकांश टर्क्वोइज़ को किसी न किसी प्रकार के उपचार की आवश्यकता होती है। यह अनुमान लगाया गया है कि खनन किए गए टर्क्वोइज़ के 10% से भी कम का उपयोग बिना किसी उपचार के गहनों में किया जा सकता है। हालांकि, जीजेईपीसी-जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी में पिछले 20 वर्षों के लेखक के अनुभव के दौरान 99% से अधिक टर्क्वोइज़ के परीक्षण में किसी न किसी प्रक्रिया द्वारा उनके उपचार की सत्यता का सामने आने पाया गया था।



'जैकरी-उपचारित' टर्क्वॉइज़



रंग की प्रक्रिया के बाद टर्क्वॉइज़

## छिद्रों को भरना है सबसे अहम

प्रकृति में झरझरा होने के कारण, टर्क्वॉइज़ पर सबसे आम और प्रभावी उपचार कार्बनिक पदार्थों के साथ छिद्रों को भरना है। उदाहरण के तौर पर रंगहीन तेल, मोम, पॉलिमर, जिसे आमतौर पर "स्थिरीकरण प्रक्रिया" भी कहा जाता है। इनके अलावा अकार्बनिक सिलिका या पोटेशियम आधारित यौगिक का उपयोग भी महत्वपूर्ण रूप से होता है। हालांकि, अकार्बनिक यौगिकों के उपयोग आमतौर पर कम ही दिखाई देते है। व्यापार में इस्तेमाल होने वाला एक सामान्य शब्द "स्टेबलाईज़ टर्क्वॉइज़" है, जो मूल रूप से रंगहीन बहुलक या मोम से भरे टर्क्वॉइज़ को संदर्भित करता है। छिद्रों को भरने के परिणामस्वरूप, झरझरा और नाजुक टर्क्वॉइज़ बहुत अधिक स्थिर हो जाता है, जिससे इसे काटने और चमकाने में सहुलियत हो जाती है। इस तरह से भरने की प्रक्रिया, प्रकाश को समान रूप से प्रतिबिंबित करने में सक्षम होती है, जिससे टर्क्वॉइज़ के रंग और चमक में वृद्धि होती है और इसके जरिए टर्क्वॉइज़ को चमकदार रूप मिलता है। छिद्रों को भरने से नमी की हानि और लोहे के $Fe^{2+}$ से $Fe^{3+}$ तक ऑक्सीकरण की प्रक्रिया थम जाती है, इससे रंग नीले से हरे रंग में बदल सकता है। पॉलिमर / रेजिन की तुलना में तेल और मोम का उपयोग करने पर इसके टिकाऊपन में कमी आती है। इन दो पदार्थों के उपयोग से ही टर्क्वॉइज़ के पीला होने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि, उपचार की शुरुआती प्रक्रिया के दौरान सभी टर्क्वॉइज़ समान दिखाई देते हैं और रमन या इन्फ्रा-रेड स्पेक्ट्रोमेट्री जैसी उन्नत तकनीकों के उपयोग के बिना किए गए उपचार के प्रकार का सही ढंग से वर्णन करना मुश्किल हो जाता है।

इस उपचार प्रक्रिया को आमतौर पर उच्च दबाव वाले वैक्यूम चैम्बर में किया जाता है, जहां गर्म राल को टर्क्वॉइज़ के छिद्रों में 100 बार तक डाला जाता है। उच्च दबाव का उपयोग छिद्रों में राल के बेहतर और पूरी तरह से प्रवेश को सुनिश्चित करता है। उपयोग किए गए राल के प्रकार के आधार पर, भरे हुए टर्क्वॉइज़ को राल को ठीक करने और उसके स्थिरीकरण के लिए अल्ट्रा-वायलेट प्रकाश या इलेक्ट्रॉनों में रखा जाता है।

## जैकरी ट्रीटमेंट

सन् 1980 के दशक के उत्तरार्ध में विकसित एक उपचार की प्रक्रिया के दौरान मध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले टर्क्वॉइज़ के छिद्रों को भरने के लिए अकार्बनिक पदार्थों के उपयोग को प्रचलन में लाया गया। इसका उद्देश्य फिरोजा के रंग, चमक और उसकी सहनशीलता में सुधार करना रखा गया था। इस प्रक्रिया में अकार्बनिक पदार्थ का उपयोग होने से उपचारित टर्क्वॉइज़ पॉलिमर / रेजिन के साथ उपचार की तुलना में

अधिक टिकाऊ होते हैं। हालांकि इस प्रक्रिया का सटीक विवरण उपलब्ध नहीं है, लेकिन आणविक स्तरों पर उन्नत स्पेक्ट्रोस्कोपिक विश्लेषण से पोटेशियम-आधारित यौगिक के उपयोग होने का पता चलता है, जिसके जरिए आसानी से इसकी पहचान भी की जा सकती है।

## रंगा हुआ फिरोजा

चूने के रंग और हल्का नीला टर्क्वाइज़, जो ऊपर उल्लिखित 'स्थिरीकरण' प्रक्रिया के बाद वांछित नीला रंग नहीं देता है, उसका रंगीन मोम या रेजिन के साथ उपचार किया जाता है। उपचार की विधि वही रहती है, लेकिन एक रंग या डाई को उसके आधारभूत यौगिक में जोड़ा जाता है। इस उपचार से हल्के रंग का फ़िरोज़ा भी अच्छे नीले एक समान रंग का हो जाता हैं।

## पहचान की प्रक्रिया

उपचारित टर्क्वाइज़ का पता लगाने में एक बहु-चरणीय मानदंड शामिल है। जीजेईपीसी-जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी (अब आईआईजीजे-रिसर्च एंड लेबोरेटरीज सेंटर) में, प्रत्येक टर्क्वाइज़ पहले सूक्ष्म अध्ययन से गुजरता है, उसके बाद यूवी लैंप के तहत जांच की जाती है। मोम या पॉलीमर की उपस्थिति निर्धारित करने के लिए रमन और इंफ्रा-रेड स्पेक्ट्रोमीटर द्वारा विस्तृत विश्लेषण किया जाता है, जबकि ईडीएक्सआरएफ का उपयोग रासायनिक विश्लेषण के लिए किया जाता है।


## विजुअल दिखावट

टर्क्वाइज़ के नीले रंग और चमकदार रंग, उसके साथ हुए उपचार की प्रक्रिया का पहला संकेत प्रदान करते है। हालांकि, निरीक्षण के दौरान गहना से अंतर को समझना चाहिए और उसका ईलाज की प्रक्रिया के दौरान तुलनात्मक रूप से अध्ययन करना चाहिए।

कुछ मामलों में, भराव के सीमित प्रवेश के कारण रिम या पत्थर की रूपरेखा के साथ गहरा रंग देखा जाता है। हालांकि, इस आधार पर कोई निष्कर्ष निकालते समय सावधान रहना चाहिए। लेखक के अनुभव में, इस तरह का रंग अस्थायी रूप से तब भी हो सकता है, जब टर्क्वाइज़ की रफ पानी में रहती है, अथवा उसे काटने और चमकाने की प्रक्रिया के दौरान पानी का प्रयोग किया जाता है अथवा पॉलिशिंग प्रक्रिया के दौरान तेल का उपयोग करने से भी ऐसे हालात बन सकते है।



टर्क्वॉइज़ पर भराव के प्रभाव का एक उदाहरण। छवि में स्पष्ट दिखाई देता है कि बेबी ऑयल के साथ लगाए गए स्थान पर गहरा रंग है, जबकि शेष क्षेत्र बहुत हल्का दिखाई दे रहा है।




रंगहीन बहुलक के साथ टर्क्वॉइज़ में भरी हुई गुहा।
कुछ मामलों में, अर्ध-गोलाकार छिद्र भी दिखाई दे सकते हैं (दाईं छवि)।



टर्क्वॉइज़ में भरी हुई नसों और गुहाओं को रंगीन बहुलक के साथ भरा जाता है। छवि में गहरे नीले रंग की सांद्रता पर ध्यान दिया जा सकता है।

## सूक्ष्म अवलोकन


चिकनी सतह के अलावा, गुहाएं, गड्ढे और दरारें भराव पदार्थ की उपस्थिति प्रदर्शित कर सकती हैं। यह आम तौर पर टर्क्वोइज़ के आसपास के अपारदर्शी होने की तुलना में पारदर्शी क्षेत्रों के रूप में दिखाई देता है। गलत तरीके से भराव पदार्थ के भरने से गैस के बुलबुले बड़ी गुहाओं, छिद्रों या दरारों में फंस सकते हैं। रंगीन पदार्थों के मामले में, ये गुहाएं/गड्ढे नीले रंग की सांद्रता प्रदर्शित करते हैं, जो डाई की मौजूदगी दर्शाते है।



पॉलिमर-उपचारित टर्क्वोइज़ (दाएं) प्राकृतिक समकक्ष (बाएं) की तुलना में लंबी-लहर यूवी प्रकाश के तहत मजबूत नीली प्रतिदीप्ति प्रदर्शित करता है।

## यू-वी प्रतिदीप्ति


संसेचन या स्थिरीकरण के लिए उपयोग किए जाने वाले भराव पदार्थ के प्रकार के आधार पर, उपचार किए गए टर्क्वोइज़ आमतौर पर अनुपचारित समकक्षों की तुलना में मध्यम से मजबूत नीले या हरे-नीले यूवी प्रकाश को प्रदर्शित करते हैं। लॉन्गवेव के तहत प्रतिक्रियाएं शॉर्टवेव की तुलना में अधिक मजबूत होती हैं।




रमन स्पेक्ट्रा प्रक्रिया के दौरान प्राकृतिक (काला निशान) और बहुलक-उपचारित टर्क्वोइज़ (नीला ट्रेस)।

## रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी


माइक्रो रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी, पॉलीमर, रेजिनर वैक्स जैसे कार्बनिक पदार्थों की उपस्थिति का निर्णायक रूप से पता लगाने के लिए सबसे प्रभावी उपकरणों में से एक है। यह किसी विशेष स्थान या शिरा पर विश्लेषण करने में मदद करता है, इसके लिए नमूनों के अनेक हिस्सों से जानकारी हासिल की जा सकती है। हालांकि उपचार और अनुपचारित समकक्षों के बीच अंतर करने के लिए संदर्भ नमूनों का एक संग्रह आवश्यक होता है।




इन्फ्रा-रेड स्पेक्ट्रा द्वारा प्राकृतिक (ब्लैक ट्रेस) और पॉलीमर-ट्रीटेड टर्क्वोइज़ (ब्लू ट्रेस)।

## एफटीआईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी

रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी की तरह, कार्बनिक पदार्थों का पता लगाने में इन्फ्रा-रेड स्पेक्ट्रोस्कोपी एक और प्रभावी उपकरण है। विशेषताओं की स्थिति पर विचार करके मोम और रेजिन का पृथक्करण निश्चित रूप से स्थापित किया जा सकता है।




'जैकरी-उपचारित' टर्क्वोइज़ (टॉप) पोटेशियम की उच्च सांद्रता प्रदर्शित करता है, जो प्राकृतिक टर्क्वोइज़ में अनुपस्थित है।

## रासायनिक विश्लेषण

'जैकरी' उपचार के मूल का पता लगाने में रासायनिक विश्लेषण एक अहम उपकरण रहता है। उपचारित स्टोन्स पोटेशियम की उच्च सांद्रता को प्रदर्शित करते है, जबकि यह या तो अनुपस्थित होती है या अनुपचारित समकक्षों में केवल मामूली मात्रा में मौजूद होती है।

## खास पहलू

सभी उपचारित टर्क्वोइज़, चाहे स्थिर, रंगे हों या 'जैकरी-उपचारित' हों, उनसे जुड़ी प्रक्रिया, भेद बिक्री के समय साझा किया जाता है। आईआईजीजे-रिसर्च एंड लेबोरेटरीज (पूर्व में, जीजेईपीसी-जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी) में, सभी टर्क्वोइज़ के उपचार नियमित रूप से उनसे जुड़ी पहचान रिपोर्ट में प्रकाशित किए जाते हैं। उपचारित टर्क्वोइज़ के लिए पहचान रिपोर्ट पर निम्नलिखित टिप्पणियां दी जाती हैं:

- जब छिद्रों को भरने के लिए रंगहीन बहुलक या राल का उपयोग किया जाता है: रंगहीन बहुलक के साथ संसेचित किया जाता है।
- जब छिद्रों को भरने के लिए रंगहीन मोम का उपयोग किया जाता है: रंगहीन मोम के साथ संसेचित किया जाता है।
- जब छिद्रों को भरने के लिए रंगीन पॉलीमर का उपयोग किया जाता है: रंगीन पॉलीमर से संसेचित किया जाता है।
- जब टर्क्वोइज़ रंगा हुआ हो तो नामकरण में डाई की उपस्थिति दी जाती हैं, जैसे "प्राकृतिक टर्क्वोइज़ (रंगा हुआ)"।

## निष्कर्ष

इसकी आंतरिक संरचना के कारण अधिकांश टर्क्वोइज़ को काटने, चमकाने और इसकी सहनशीलता को बढ़ाने के लिए खास उपचार की आवश्यकता होती है। हालांकि, प्रत्येक उपचार की प्रकिया को इसकी बिक्री के समय जाहिर कर दिया जाता है।

---



लेखक के बारे में

गगन चौधरी, एफजीए जीजेईपीसी-जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी, जयपुर (अब आईआईजीजे-रिसर्च एंड लेबोरेटरीज सेंटर) में निदेशक हैं। चौधरी ने जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी, जयपुर, भारत से जेम आइडेंटिफिकेशन में मास्टर्स डिप्लोमा, जेम-ए, यूके से जेमोलॉजी में डिप्लोमा किया है और एसएसईएफ, बेसल से साइंटिफिक जेमोलॉजी कोर्स पूरा किया है। वह वर्तमान में प्रयोगशाला के प्रमाणन और अनुसंधान गतिविधियों के प्रभारी हैं। अंडरस्टैंडिंग रफ जेमस्टोन्स, जेम्स एंड रॉक्स (हिंदी में) और द साइंस ऑफ जेमस्टोन ट्रीटमेंट के लेखक, चौधरी gem-passion.com के लेखक भी हैं, जहां उन्होंने दिलचस्प रत्न सामग्री और अन्य रत्न से संबंधित कई रिपोर्ट एवं लेख साझा किए है। वह जेम न्यूज के संपादक भी हैं



GRUN PEARDROP
**Savio Jewellery**

# ट्रेंडी अफेयर्स

प्रस्तुत है आकर्षक बनावट और बेमिसाल कलाकारी से भरपूर खूबसूरत रत्नाभूषण, जो मन को मोह लेंगे।



EMERALD AND DIAMOND EARRINGS
**Gem Plaza**



FLORAL REGALIA EMERALD CARVING KILANGI
**Ramnarain & Co.**

EMERALD AND UNCUT POLKI DIAMOND NECKLACE
**Jaipur Ratna**





POLKI EARRINGS
**Achal Jewels**

BLOOMING RUBY BANGLES
**Savio Jewellery**





POLKI EMERALD RUBY NECKLACE
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**





NATURAL FANCY
YELLOW DIAMOND &
WHITE DIAMOND RING
**Gem Plaza**



EMERALD ROUGH
**Rakesh Kumar Vijay**





ROSE CUT DIAMOND AND
POLKI SATHLADA SET
**Birdhichand Ghanshyamdas Jewellers**





POLKI PENDANT
**Achal Jewels**

UNCUT DIAMOND,
EMERALD AND RUBY NECKLACE
**Jaipur Ratna**



EMERALD AND
DIAMOND EARRINGS
**Gem Plaza**



MARQUISITE RING
**Savio Jewellery**



DIAMOND BANGLE
**Achal Jewels**

LOT OF CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**





EMERALD CALIBRATION (ZAMBIAN)
**Ramnarain & Co.**



GOLD JADAU POLKI,
EMERALD AND PEARL CHOKER NECKLACE
**Jaipur Ratna**



EMERALD ROUGH
**Rakesh Kumar Vijay**



POLKI BANGLE
**Achal Jewels**



SOUL RUBINO RING
**Savio Jewellery**



EMERALD EARRINGS
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**

LOT OF CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**






FROSTED PEBBLE BAND
**Lunaya**



POLKI EMERALD RUBY NECKLACE
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



TRADITIONAL KUNDAN AND NAKSHI WORK NECKLACE
**Jaipur Ratna**



EMERALD AND POLKI BANGLE
**Birdhichand Ghanshyamdas Jewellers**



TANZANITE AND DIAMOND RING
**Gem Plaza**



ROUGH COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



LOT OF CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



FIRE FLICKER
**Savio Jewellery**



EMERALD CUT
**Nakshatra Gems**




DIAMOND NECKLACE
**Achal Jewels**



EMERALD BEADS NECKLACE (ZAMBIAN) (1)
**Ramnarain & Co.**



POLKI EMERALD RUBY EARRINGS
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



DIAMOND EARRINGS
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**

PRIMAVERA SPRING UP
**Savio Jewellery**





TANZANITE DIAMOND RING
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



FROSTED GALZED EARRING
**Lunaya**



LOT OF CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



ROSE CUT
DIAMOND EARRINGS
**Royal Gems & Jewels**



BLUE SAPPHIRE STATEMENT POLKI EARRINGS
**Birdhichand Ghanshyamdas Jewellers**




**RMC GEMS**



MORGANITE ROUGH
**Precitone Co. Ltd**



ROUGH COLOMBIAN EMERALD SPECIMEN
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



SPESSARTITE
**Lunawat Gems**



EMERALD MANI NECKLACE (ZAMBIAN)
**Ramnarain & Co.**



EMERALD BEADS
**Nakshatra Gems**



PINK MORGANITE
**Lunawat Gems**



ELUSIVE AZURE
**Savio Jewellery**



TOURMALINE TUMBLE
**National Facets**

AQUAMARINE CARVING FLOWER
**National Facets**





FIOROSA
**Savio Jewellery**



TOURMALINE TUMBLE
**National Facets**

AQUAMARINE
**Lunawat Gems**





EMERALD DROPS
**Nakshatra Gems**



TSAVORITE
**Lunawat Gems**



EMERALD ROSE CUT
DIAMOND EARRINGS
**Royal Gems & Jewels**



BICOLOR TOURMALINE ROUGH
**Precitone Co. Ltd**



GLAZED DRIP EARRING
**Lunaya**



DIAMOND NECKLACE
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



POLKI RUBY EARRINGS
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



ROUGH COLOMBIAN EMERALD SPECIMEN
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**

POLKI AND EMERALD MATHAPATTI
**Birdhichand Ghanshyamdas Jewellers**





AQUAMARINE ROUGH
**Precitone Co. Ltd**

LOT OF CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**





TANZANITE, CRYSTAL AND DIAMOND RING
**Gem Plaza**




EMERALD ROUGH
**Rakesh Kumar Vijay**

| Company | Email |
|---|---|
| ACHAL JEWELS | office@achaljewels.com |
| BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS JEWELLERS | bg@bgjewellers.in |
| C. I. BOGOTA EMERALD MART S.A.S. | jbazalel@hotmail.com |
| GEM PLAZA | mail@gemplaza.net |
| JAIPUR RATNA | rea@jaipurratna.com |
| LUNAYA | hello@lunayajewelry.com |
| LUNAWAT GEMS | contact@LGCINDIA.com |
| NAKSHATRA GEMS | ashokmaheshwari302@gmail.com |
| NATIONAL FACETS | nationalfacets@yahoo.co.in |
| PRECITONE | anu@precitone.com |
| ROYAL GEMS & JEWELS | info@royalgemsandjewels.com |
| RAMNARAIN & CO. | ramnarayanco501@gmail.com |
| RAKESH KUMAR VIJAY | roallygems@gmail.com |
| RMC GEMS | rmc@rmcgems.in |
| SAVIO JEWELLERY | saviojewellery@gmail.com |
| VALENTINE JEWELLERY (I) Pvt. Ltd. | order@valentinejewelleryindia.com |

# डिज़ाइन स्पीक

पर्ल एकेडमी, जयपुर की उभरती प्रतिभाओं द्वारा बनाए गए
नायाब डिजाइंस को प्रदर्शित करती एक पहल।



1. Theme: SHEER EARRINGS



2. Theme: WANDERLUST



3. Theme: THE CHILOPE RING



4. Theme: MOON RING




5. Theme: AQUATIC NOTION

| S.no | Designer | Email |
|---|---|---|
| 1. | Akansha Maheshwari | akansham694@gmail.com |
| 2. | Harshita Dang | Harshitadang2@gmail.com |
| 3. | Khushboo Ahuja | khushboo.12436@stu.pearlacademy.com |
| 4. | Kinshi Chhabra | kinshichhabra@gmail.com |
| 5. | Ritika Singh | Ritika.13599@stu.pearlacademy.com |



6. Theme: CRUDITY EMBRACE




7. Theme: THE LABYRINTH STATEMENT RING



8. Theme: MODHERITAGE




9. Theme: THE CURVE SERIES



10. Theme: THE CIRCUS SERIES

| S.no | Designer | Email |
|---|---|---|
| 6. | Ritika Singh | Ritika.13599@stu.pearlacademy.com |
| 7. | Ritika Singh | Ritika.13599@stu.pearlacademy.com |
| 8. | Samdisha Bagga | hello@samdishabagga.com |
| 9. | Samdisha Bagga | hello@samdishabagga.com |
| 10. | Shailja Tandon | shailjatandon28@gmail.com |


ACHAL
Jewels
A piece of modern art!
Achal Bhawan, D-149A, Savitri Path, Bapu Nagar, Jaipur-302015 India
achaljewels | Achaljewels | office@achaljewels.com




NAKSHATRA GEMS

ASHOK MAHESHWARI (BAGLA)
Secretary
Jewellers Association, Jaipur


NAVEEN SHARDA

302, Kasturi Palace, K.G.B. Ka Rasta, 1st Crossing,
Johari Bazar, Jaipur - 302003 (Raj.) India

(+91) 99294 47497, 98282 49959, 141-4014974, 141-4034600
Email: ashokmaheshwari302@gmail.com
Website: www.nakshatragems.in


NATIONAL
FACETS
JAIPUR
SINCE 1980
BEADS
CUTS
CABS
CARVINGS
Number -1, Shopping Center, Janta Colony, Jaipur-302004, Rajasthan, India
+91-141-4933327, info@nationalfacets.com
www.nationalfacets.com

RNC GEMS
1987
(RAM NARAYAN & COMPANY)



HOUSE OF FINEST
EMERALDS

Emerald & Rubylite Necklaces | Precision Cut Emeralds | Fine Emerald Carvings
Wide Array of Emerald Cabochons | Calibrated Emeralds

+91 9680632730 / 9828011414

ramnarayanco501@gmail.com | /rncgems

RAM NARAYAN & COMPANY
501, SHYAMAL, ADARSH NAGAR, BEES DUKAN, JAIPUR, RAJASTHAN

GEM PLAZA

MAGNIFICENT JEWELS




Crafting your
Connections with
Colour

Flagship store :
Khetan Bhawan, M.I. Road, Jaipur-302001, India
t: +91 141 2367948 e: showroom@gemplaza.net

Factory :
G-1/21-23,Gem & Jewellery Zone, EPIP, Sitapura, Jaipur - 302022, India
t: +91 141 2770535 e: mail@gemplaza.net

www.gemplaza.net



BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS
JEWELLERS

Jaipur - 9, Lakshmi Complex, M.I. Road | T: +91-141-2379228 | E: jaipur@birdhichand.com
New Delhi - D 21, Defence Colony | T: +91-141-40115623, 40115624 | E: delhi@birdhichand.com
www.birdhichand.com

ROYAL
GEMS & JEWELS

EXPERIENCE THE MAGNIFICENCE OF OUR
FINE DIAMOND JEWELLERY



Retail Boutique Store of Fine Jewellery.

135, M. I. Road, Jaipur- 302001 INDIA

Phone:+91-141-4901188, Mobile: +91-98292-66772, Email: info@royalgemsandjewels.com,
Website: www.royalgemsandjewels.com

ICE No. 1388002949
GSTIN: 08ABIPV9663KIZO

Off. (0141) 2616191
Rakesh Kumar Vijay: 94140 46201
Mukesh Vijay: 94140 77 173
Email ID: 123muk@gmail.com

# RAKESH KUMAR VIJAY

C-66, Saket Colony, Adarsh Nagar, Jaipur- 302 004 (INDIA)
"1996-97 & 97-98
GJEPC EXPORT AWARD WINNER

"Manufacturers, Exporters& Importers
PRECIOUS & SEMI- PRECIOUS ROUGH STONE
Specialist in : All Kinds of Precious & Semi- Precious Rough





Our Branches

ROLLY GEMS INC.

48 West 48th Street Suite No. 1409,
NEWYORK- NY10036
Contact:803-379-2121
Email ID: roallygems@gmail.com



SHREE NATH GEMS P. LTD. JAIPUR


JR
JAIPUR RATNA
BY ANUJ GEMS & JEWELLERY
"Simplicity is the ultimate sophistication"
Manufacturer and wholesaler of kundan, polki and south indian jewellery.
453, Mawa Wala Complex, Lal ji Saand Ka Rasta,
Chaura Rasta, Jaipur - 302003
Tel: +91 141 2310085 | M: +91 95870 17555, +91 95872 96666
E : crm@jaipurratna.com, sc@jaipurratna.com | W : www.jaipurratna.com

GJEPC INDIA | GTL GEM TESTING LABORATORY SINCE 1972

ESTABLISHED BY **GJEPC**, A BODY UNDER
**MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY, GOVERNMENT OF INDIA**

# WHEN YOU PUT YOUR TRUST IN US, WE SET IT IN STONE!


## GEM IDENTIFICATION | DIAMOND GRADING




### NOW IN SITAPURA WITH WORLD-CLASS LABORATORY INFRASTRUCTURE



- ✦ Bigger and secured premises
- ✦ Advanced laboratory with new state-of-art equipment
- ✦ Arrangement of Door-to-Door pick-up and Delivery of Samples (at a meagre charge)
- ✦ **New services in the pipeline**
  - ✦ Certification of Origin of Rubies, Sapphires and Emeralds
  - ✦ Certification of Pearls



**COLLECTION CENTRE AT**

**3RD FLOOR, RAJASTHAN CHAMBER BHAWAN,**
M.I. ROAD, JAIPUR

*Contact for more details*

**GEM TESTING LABORATORY**
**(THE GEM & JEWELLERY EXPORT PROMOTION COUNCIL)**

SP-111, R.K. Derewala Tower, KGK Campus, Near SEZ Phase 1,
Sitapura Industrial Area, Jaipur 302022
www.gtljaipur.info | gtl@gjepcindia.com
TEL: +91-141-2770995, 2941470




Presented by
JEWELLERS' ASSOCIATION JAIPUR SINCE 1927
17 Participating Categories
JEA Jewellery Eminence Awards
14th Jewellery Design Competition
Entries Open
Log on to: www.jasjaipur.com/JEAwards
In association with
GEMFIELDS
Last date for Submission - 6th April 2022
Powered by
jas Connect to Source
THE SELECT B2B SHOW
28, 29, 30 APRIL'22

# Exclusive for

## Jaipur Jewellers Association members and their families

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

RHL



# ज्वैलर्स एसोसिएशन
एवं
# राजस्थान हॉस्पिटल

के संयुक्त तत्वाधान में एसोसिएशन के सदस्यों व परिवारजनों के लिए
( Parents, Spouse & Children )

# सेहत आपकी
## साथ हमारा अभियान

**10 % छूट**

- आईपीडी बिल पर*
- सभी ओपीडी जांच (इन – हॉउस) और परामर्श पर*
- सीटी स्कैन और अन्य इन – हॉउस डायग्नोस्टिक सेवाओं पर*

**Single Point Contact** श्री सुमित श्रीवास्तव +91 9602530123

**एडमिशन और कन्सलटेशन मे प्राथमिकता**

**नियमानुसार शर्ते**

- बिलों का भुगतान सदस्य को करना होगा, केशलेस या अन्य योजना के तहत स्वीकार्य नही होगा।
- अभियान और उपरोक्त लाभ से संबंधित कोई भी निर्णय लेने का अधिकार RHL मैनेजमेन्ट को होगा।
- रेजिस्ट्रैशन के समय अथवा ईमरजेन्सी मे 24 घंटों के अन्दर, एसोसिएशन के अधिकृत हस्ताक्षर कर्ता से पत्र / आई डी दें।
- दवाओं, कन्ज्यूमेबल, प्रत्यारोपण और आउट सोर्स जांच पर छूट नहीं है।

**Jewelers Association Team**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Ramsharan Gupta | Alok Sonkia | Ashok Maheshwari | Neeraj Lunawat | Raju Mangodiwala |
| President | Vice President & Convenor, CSR | Honorary Secretary | Joint Secretary | Treasurer |

☎ 0141-2720020 JLN Marg, Jaipur www.rajasthanhospital.in अपना अस्पताल – राजस्थान अस्पताल

# Exclusive for

## Jaipur Jewellers Association members and their families

JEWELLERS
ASSOCIATION
JAIPUR



# ज्वैलर्स एसोसिएशन
एवं
# राजस्थान हॉस्पिटल

RHL

के संयुक्त तत्वाधान में एसोसिएशन के
सदस्यों व परिवारजनों के लिए
( Parents, Spouse & Children )

### Jewellers Regular Health Package

Cardiac Health
2D Echo / TMT
ECG
Lipid Profile

Diabetic Health
Blood Sugar Fasting
Blood Sugar (Post Parandial)
HbA1c

General Health
CBC - Complete Blood Count
Vitamin B12
Serum Calcium

Kidney Health
Uric Acid
Creatinine
Urine Routine

Liver Health
Bilirubin Direct & Indirect
SGPT, SGOT
Total Proteins - Albumin & Globulin
A / G Ratio
Alkaline Phosphate
GGPT

Lung Health
X - Ray Chest PA View
PFT

Multi-Organ Health
USG - Abdomen
TSH - Thyroid Stimulating
Hormone

Consultation
Ophthalmology
General Medicine
Cardiology
Dental

Breakfast

**1900/-**

### Jewellers Advanced Health Package

Cardiac Health
2D Echo / TMT
ECG
Lipid Profile

Diabetic Health
Blood Sugar Fasting
Blood Sugar (Post Parandial)
HbA1c

General Health
CBC - Complete Blood Count
Vitamin B12
Vitamin D
Serum Calcium

Kidney Health
Uric Acid
Creatinine
Urine Routine

Liver Health
Bilirubin Direct & Indirect
SGPT, SGOT
Total Proteins - Albumin & Globulin
A / G Ratio
Alkaline Phosphate
GGPT

Lung Health
X - Ray Chest PA View
PFT

Multi-Organ Health
USG - Abdomen
TSH - Thyroid Stimulating
Hormone

Consultation
Ophthalmology
General Medicine
Cardiology
Dental

Breakfast

**2750/-**

### Jewellers Advanced Health Package
( Age above 60 years )

Cardiac Health
2D Echo / TMT
ECG
Lipid Profile

Diabetic Health
Blood Sugar Fasting
Blood Sugar (Post Parandial)
HbA1c

General Health
CBC - Complete Blood Count
Vitamin B12
Vitamin D
Serum Calcium

Kidney Health
Uric Acid
Creatinine
Urine Routine

Liver Health
Bilirubin Direct & Indirect
SGPT, SGOT
Total Proteins - Albumin & Globulin
A / G Ratio
Alkaline Phosphate
GGPT

Lung Health
X - Ray Chest PA View
PFT

Multi-Organ Health
USG - Abdomen
TSH - Thyroid Stimulating
Hormone

Recommended for Age Above 60
PSA (For Male)
Mammography (For Female)

Consultation
Ophthalmology
General Medicine
Gynecology (For Female)
Cardiology
Dental

Breakfast

**3100/-**

**Single Point Contact श्री सुमित श्रीवास्तव +91 9602530123**

Jewelers Association Team

| Ramsharan Gupta | Alok Sonkia | Ashok Maheshwari | Neeraj Lunawat | Raju Mangodiwala |
|---|---|---|---|---|
| President | Vice President & Convenor, CSR | Honorary Secretary | Joint Secretary | Treasurer |

☎0141-2720020 JLN Marg, Jaipur www.rajasthanhospital.in अपना अस्पताल – राजस्थान अस्पताल